## मरम्मत के कारण कुछ ट्रेनों का समय बदला

**बीकानेर,**(कासं)। रेलवे ने यातायात सुविधाओं के विस्तार के लिए कुछ गाड़ियों का समय एक बार बदल दिया है। हालांकि बाद में ये गाड़ियां अपने निर्धारित समय पर ही चलेगी। फिलहाल रेलवे ने यात्रियों के लिए समय परिवर्तन किया है।

उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार आवश्यक कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित निम्न रेल सेवाएं रि-शेड्यूल की गई है। पश्चिम रेलवे के माहीम-बान्द्रा स्टेशनों के मध्य ब्रिज संख्या 20 पर अनुरक्षण कार्य हेतु ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य हेतु रेल यातायात प्रभावित रहेगा। जिन गाड़ियों को रि-शेड्यूल किया गया है, उसमें बीकानेर के लालगढ़ से दादर की ओर जाने वाली रेल भी शामिल है। ये रेल गाड़ियां अपने प्रारम्भिक स्टेशन से ही नए समय से संचालित होगी।

रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 14707, लालगढ़-दादर रेलसेवा 12 अप्रैल को लालगढ़ से अपने निर्धारित समय से 01 घंटे 30 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 12956, जयपुर-मुम्बई सेंट्रल रेलसेवा बारह अप्रैल को जयपुर से अपने निर्धारित समय से 02 घंटे 30 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी। रेलवे के मुताबिक इसके बाद गाड़ियां फिर से अपने तय समय पर ही संचालित की जायेगी। आमतौर पर जिन स्टेशन पर काम होता है, वहीं पर गाड़ियों के रूट में बदलाव किया जाता है।

# छतरगढ़ में अवैध नर्सिंग होम सीज, नीम हकीम पर कार्रवाई

**बीकानेर,** (कासं)। प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा नीम हकीम, झोलाछापों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए छतरगढ़ में एक अवैध नर्सिंग होम को सीज करने तथा खारवाली में एक झोलाछाप की दुकान को बंद करवाते हुए दोनों झोलाछापों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि के निर्देश अनुसार सीएमएचओ डॉ पुखराज साध के पर्यवेक्षण में ब्लॉक सीएमओ खाजूवाला डॉ मुकेश मीणा के नेतृत्व में

- **खारवाली में एक झोलाछाप की दुकान को बंद करवाते हुए दोनों झोलाछापों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई**



छतरगढ़ में अवैध नर्सिंग होम को औषधि नियंत्रण अधिकारी अमृता सोनगरा ने सीज किया।

उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया गया। उपखंड अधिकारी छतरगढ़ द्वारा गठित कार्रवाई दल में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ गजेंद्र सिंह तंवर, औषधि नियंत्रण अधिकारी अमृता सोनगरा, पुलिस थाना छतरगढ़ से एएसआई गोविंद सिंह व हैड कांस्टेबल योगेंद्र सिंह तथा तहसील छतरगढ़ से पटवारी नवनीत कुमार शामिल थे।

सीएमएचओ डॉ साध ने बताया कि कार्रवाई दल छतरगढ़ के रंगीला चौक पहुंचा तो पाया कि यहां गंगानगर नर्सिंग होम के नाम से एक क्लीनिक का अवैध संचालन किया जा रहा था। दुकान में 5 बैड लगे हुए थे। जिसमें चार मरीज भर्ती पाए गए जिन्हें ड्रिप लगाई जा रही थी। नर्सिंग होम संचालक कुलविंदर सिंह जो मरीज का इलाज कर रहा था। उसके पास किसी प्रकार का कोई रजिस्ट्रेशन, सर्टिफिकेट, लाइसेंस व पंजीकरण नहीं था। बिना स्पष्ट बिल की दवाईयां व जांच उपकरण पड़े मिले। उपयोग की गई सिरिंज, ड्रिप सैट व अन्य मेडिकल वेस्ट यहां वहां पड़े थे जो मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करते पाये गए।

कार्रवाई दल द्वारा तत्काल अवैध नर्सिंग होम को सीज करते हुए छतरगढ़ पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज करवाई गई। डॉ साध ने बताया कि दूसरी कार्रवाई पास ही के गांव खारवाली में की गई जहां बस स्टैंड के पास झोलाछाप द्वारा अवैध चिकित्सकीय सेवाएं दुकान पर दी जा रही थी। झोलाछाप दिनेश कुमार की दुकान पर उपलब्ध दवाईयां तथा जांच उपकरणों को जब्त करते हुए छतरगढ़ पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज करवाई गई।

**डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार :** घड़साना पुलिस ने नशे के खिलाफ विशेष अभियान के तहत एक व्यक्ति को 800 ग्राम अवैध डोडा पोस्त के साथ एसआई भोलाराम के नेतृत्व में गश्त कर रही टीम ने पकड़ा।

## महावीर जयंती कार्यक्रमों के बैनर का विमोचन

**बीकानेर,** (कासं)। सर्किट हाऊस के सामने स्थित भगवान महावीर पार्क में आज णमोकार मंत्र की ध्वनि गुंजायमान हुई। इस अवसर पर जैन महासभा बीकानेर द्वारा भगवान महावीर स्वामी की जयन्ती के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों के बैनर का विमोचन बीकानेर पश्चिम के विधायक जेठानन्द व्यास ने किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित थे। विमोचन के अवसर पर विधायक जेठानन्द व्यास ने कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास मानव मात्र को करना चाहिए। जियो और जीने के सिद्धांत को प्रतिपादित करना चाहिए। व्यास ने कहा कि जैन समाज के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करता हूं कि मुझे इस कार्यक्रम में भागीदार बनाया।

कार्यक्रम में जैन महासभा के अध्यक्ष विनोद बाफना ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में बताते हुए कहा कि भगवान महावीर के 2624वें जन्म कल्याणक के अवसर पर 9 अप्रेल को महावीर प्रार्थना का कार्यक्रम स्थानीय जैन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में रात्रि 8 बजे से 9 बजे तक व शोभयात्रा 10 अप्रेल को प्रात: 7:30 बजे दो अलग-अलग मार्गों, जैन जवाहर विद्यापीठ, भीनासर एवं दिगम्बर नसियां जी बीकानेर से प्रारम्भ होकर गौड़ी पार्श्वनाथ जैन मन्दिर गोगागेट 9:30 पहुंचेगी। गौड़ी पार्श्वनाथ मन्दिर में ही मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा।

## सार-समाचार

### मेडिकल कॉलेज का स्थापना दिवस



सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के स्थापना दिवस पर सरदार पटेल की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

**बीकानेर,** (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज परिसर में मंगलवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी के नेतृत्व में एस.पी. मेडिकल कॉलेज का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सोनी ने बताया कि 1 अप्रैल 1959 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के कर कमलों द्वारा कॉलेज का उद्घाटन किया गया, तब से लेकर आज तक सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में निंरतर विस्तार किया जा रहा है। जिससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो रही। इस अवसर पर डॉ. एस. एन. हर्ष ने कहा कि सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के 66 वर्ष के इतिहास में यहां के प्रोफेसर्स एवं विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की है। आज भी वरिष्ठ आचार्य एवं आचार्य की स्वास्थ्य सेवाएं अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों का पूरा करती है जो कि इस कॉलेज के लिए बड़ी उपलब्धि है। डॉ. अजीज अहमद सुलेमानी, डॉ. एम.एम. बागडी. डॉ.एस. एन. हर्ष, डॉ. अजय श्रीवास्तव, डॉ. धनपत कोचर, डॉ. हनुमान सिंह कस्वां, डॉ.सी.एस. मोदी, डॉ. के.सी. माथुर, नरेन्द्र पडिहार, नवरतन श्रीमाली, जितेन्द्र ओझा, रवि बजाज, आशुतोष टाक, राहुल टाक, विनय थानवी सहित अन्य कार्मिकों ने कॉलेज के 66 वें स्थापना दिवस पर सरदार पटेल की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### राम जानकी विवाह महोत्सव मनाया



नवाह्न पारायण में राम जानकी विवाह महोत्सव में आरती करते श्रद्धालु।

**बीकानेर,** (कासं)। डेहरू माता सेवा समिति एवं बीकानेर मानस परिवार द्वारा मानस भवन के संकल्प को पूरा करने के लिए संकल्प मानस नवाह्न पारायण का नव संवत्सर के तीसरे दिन धनुष भंग, परशुराम राम संवाद, राम जानकी विवाह महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। राम जानकी विवाह पर मांगलिक गीत गाये गए। कार्यक्रम समन्वयक भंवर पुरोहित एवं संयोजक जेठाराम पुरोहित ने बताया कि पाठ का शुभारंभ रूपजी पुरोहित हदा गांव सपत्नीक ने करवाया। नवाह्न पाठ की शुरूआत वरिष्ठ पाठी राजेंद्र खत्री, मूलचंद आसदेव, सत्यप्रकाश घोटू, राजकुमारी आचार्य, महेन्द्र स्वामी, नरेश पुरोहित, भंवर पुरोहित, राकेश आसोपा, महावीर शर्मा, सुशील पुरोहित, लालजी पुरोहित, नमन आदि पाठी ने मानस की चौपाईयों का स्वर गायन किया। कार्यक्रम में संरक्षक रामकुमार पुरोहित, रामरतन पुरोहित, रामेश्वर पुरोहित, मास्टर पवन पुरोहित, अध्यक्ष एडवोकेट पवन पुरोहित, राजा व्यास, सुशील ने कार्यक्रम की सफलता में योगदान दिया। मुख्य आरती में जेठमल पुरोहित, पं. पुजारी अनिल पुरोहित, आर. एस. हर्ष, चन्द्र प्रकाश स्वामी सहित भक्तजन उपस्थित थे।

### सचल लोक अदालत रवाना

**बीकानेर,** (कासं)। जिला एवं सेशन न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अतुल कुमार सक्सेना ने मंगलवार को सचल लोक अदालत मय मोबाइल वाहन को न्यायालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि मोबाइल वाहन के माध्यम से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की लोक कल्याणकारी योजनाओं, अभियानों, आगामी राष्ट्रीय लोक अदालतों का प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

# आज के दौर में पाठकों तक पुस्तकें पहुंचाना चुनौतीपूर्ण : भ्रमर

**बीकानेर,** (कासं)। सूर्य प्रकाशन मंदिर के 61 वें स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को चार साहित्यकारों का सम्मान किया गया।

सूर्य प्रकाशन मंदिर के डॉ. प्रशांत बिस्सा ने बताया कि बताया कि राजस्थानी लेखन के क्षेत्र में भंवरलाल 'भ्रमर', हिन्दी-राजस्थानी के साहित्यकार एवं साहित्यिक गतिविधियों के सतत आयोजन के लिए वरिष्ठ कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी, गीतकार राजाराम स्वर्णकार तथा राजभाषा संपर्क अधिकारी के रूप में राजभाषा प्रचार के लिए हरिशंकर आचार्य का सम्मान किया गया। सभी को सम्मान स्वरूप माला, शॉल और पुस्तकों का सैट प्रदान किया गया।



बीकानेर में सूर्य प्रकाशन मंदिर के स्थापना दिवस पर चार साहित्यकारों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद उमेश बिस्सा ने कहा कि आज के दौर में पाठकों तक पुस्तकें पहुंचाना, बेहद चुनौतीपूर्ण है। इसमें प्रकाशकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि सूर्य प्रकाशन मंदिर ने गत 61 वर्षों में कई उतार-चढ़ाव देखें। इसके बावजूद आज देश भर में इसकी विशेष पहचान है। वरिष्ठ राजस्थानी साहित्यकार भंवरलाल भ्रमर ने सूर्य प्रकाश बिस्सा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि बिस्सा ने उसे दौर में प्रकाशन कार्य शुरू किया, जब इसमें अनेक चुनौतियां थी। उन्होंने पुस्तक प्रकाशन में स्तर से कभी समझौता नहीं किया। हिन्दी-राजस्थानी के वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र जोशी ने कहा कि बीकानेर में लेखन की समृद्ध परम्परा रही है। इसमें यहां के प्रकाशकों के योगदान को भी नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में लेखन का स्तर भी प्रभावित हुआ है। इसे ध्यान रखते हुए युवा पीढ़ी को लेखन के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की जरूरत है।

## बदमाश को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला

**नोखा,**(कासं)। पुलिस ने राजकार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज किया है। नोखा थानाधिकारी अमित कुमार स्वामी के अनुसार सरदारशहर थाना के एक मामले में वांछित श्रीराम को पकड़ने पुलिस टीम उसके घर पहुंची।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम जोरावरपुरा स्थित श्रीराम के घर गई। पुलिस को देख एक युवक वहां से भाग निकला। इसी दौरान घर से तीन लोग बाहर आए। इनमें एक 50-55 वर्षीय महिला, 25 वर्षीय युवती और 50-55 वर्षीय एक व्यक्ति शामिल थे। तीनों ने मिलकर पुलिस टीम के साथ धक्का-मुक्की शुरू कर दी। थानाधिकारी ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे उग्र हो गए। पुलिस ने एक आरोपी मांगीलाल को गिरफ्तार कर लिया। मांगीलाल करणी छात्रावास के पास वार्ड नंबर 34 जोरावरपुरा का रहने वाला है। घटना में थानाधिकारी समेत एक पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। श्रीराम के खिलाफ सरदारशहर थाने में पहले से मुकदमा नंबर 466/2024 दर्ज है।

# पांच अप्रैल से आंशिक नहरबंदी की तैयारी

**बीकानेर,** (कासं)। इंदिरा गांधी नहर में मरम्मत और अन्य कामों के चलते 5 अप्रैल से आंशिक नहरबंदी शुरू हो सकती है। हालांकि अब तक इस संबंध में कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है। जलदाय विभाग ने शहरी क्षेत्र में पानी उपलब्ध कराने के लिए अपने स्तर पर पानी का स्टोरेज शुरू कर दिया है।

इस बार इंदिरा गांधी नहर की नहर बंदी 25 मार्च से होनी थी। नोटिफिकेशन जारी नहीं होने से नहर में पानी चलता रहा। अब उम्मीद की जा रही है कि 5 अप्रैल से नहर में पानी का बहाव बंद होगा। धीरे-धीरे पानी उतरने पर जगह-जगह मरम्मत काम हो सकेगा। नहर विभाग ने भले ही नोटिफिकेशन जारी नहीं किया लेकिन जलदाय विभाग ने अपनी तैयारी शुरू कर दी। बीकानेर शहर के लाखों घरों को पानी देने के लिए शोभासर स्थित जलाशयों को भरा जा रहा है। बीछवाल स्थित जलाशय को भी भरा जा रहा है।

- **जलदाय विभाग ने शहरी क्षेत्र में पानी उपलब्ध कराने के लिए अपने स्तर पर पानी का स्टोरेज शुरू कर दिया है**
- **बीकानेर शहर को पानी देने के लिए शोभासर व बीछवाल स्थित जलाशयों को भरा जा रहा है**

ये दोनों जलाशय अगर पूरी तरह भरे हो तो बीकानेर शहर को एक महीने तक पूरी क्षमता के साथ पानी दिया जा सकता है। थोड़ी कटौती करके डेढ़ महीने तक बीकानेर में पेयजल आपूर्ति हो सकती है। जलदाय विभाग ने जल संकट की स्थिति में पानी के टैंकर गली मोहल्लों व गांवों तक पहुंचाने की व्यवस्था पर काम शुरू कर दिया है। इस संबंध में टेंडर जारी कर दिए गए हैं ताकि जल संकट नहीं हो। ग्रामीण क्षेत्रों में डिग्गियों को लबालब किया जा रहा है।

# महिला व 70 साल के बुजुर्ग ने की आत्महत्या

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के श्रीडूंगरगढ़ में एक 54 वर्षीय महिला ने डिग्गी में कूदकर सुसाइड कर लिया। सुसाइड के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है।

- **श्रीडूंगरगढ़ में एक 54 वर्षीय महिला ने डिग्गी में कूदकर सुसाइड कर लिया**

पुलिस ने मर्ग दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। फिलहाल महिला का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द किया गया है। बीछवाल थाना क्षेत्र में गांव पेमासर में नायकों का मोहल्ला निवासी 54 वर्षीय प्रेम कंवर पत्नी बन्नेसिंह राजपूत ने एक खेत में बनी डिग्गी में कूदकर सुसाइड कर ली। मृतका के बेटे 38 वर्षीय उम्मेद सिंह ने पुलिस को रिपोर्ट दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग दर्ज की है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग की जांच हैड कांस्टेबल बंशीलाल को दी है। एक अन्य मामले में देशनोक के वार्ड 25 निवासी 75 वर्षीय नारायणराम पुत्र चंदाराम मेघवाल ने सुबह करीब 5 बजे अपने घर में बने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पुत्र अशोक ने पुलिस को सूचना दी। बेटे की रिपोर्ट के बाद शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया व मर्ग दर्ज कर जांच थानाधिकारी सुमन शेखावत को सौंप दी। बुजुर्ग की सुसाइड का कारण भी अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## पटवारी और कानूनगो संघ का धरना

**नोखा,** (कासं)। तहसीलदार के साथ हुई बदसलूकी के मामले में पटवारी और कानूनगो संघ ने मंगलवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। यह कार्रवाई आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने के विरोध में की गई है।

मामला 19 मार्च 2025 का है, जब जैगला के हनुमान पूनिया ने तहसीलदार के आवास में घुसकर उनके साथ बदसलूकी और धक्का-मुक्की की। इस घटना के विरोध में पटवारी और कानूनगो संघ ने आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर तहसील मुख्यालय पर धरना शुरू किया है। धरने में गिरदावर अर्जुनराम कुमावत, राजेन्द्र सिंह, भगवत लोहार, नेमीचंद सियाग, सुभाष देहरू, रामदयाल सियाग, रेवंत दान चारण मौजूद थे।

# आवारा श्वानों के काटने की समस्या सी.एम. को बताई

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। विधायक जयदीप बिहाणी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर श्रीगंगानगर शहर में आवारा श्वानों की बढ़ती संख्या की ज्वलंत समस्या से अवगत करवाकर जल्द से जल्द राहत दिलवाने का आग्रह किया।

विधायक ने सीएम को बताया कि शहर के 65 वार्डों एवं आसपास के परिधीय क्षेत्रों में आवारा श्वान की संख्या बहुत अधिक हो गई है। लगभग 10 हजार आवारा श्वान ने आमजन का जीवन नारकीय कर रखा है। शहर के लगभग सभी मुख्य जगहों, सार्वजनिक स्थानों तथा मोहल्लों में आवारा श्वान ने आतंक फैला रखा है जो शहर के लगभग सभी स्थानों पर झुंड में घूमते रहते हैं और आने-जाने वाले सभी राहगीरों तथा आमजन को काटने को दौड़ते हैं। यह बात विधायक जयदीप बिहाणी ने रविवार को रात जयपुर में सीएम भजनलाल शर्मा से मुलाकात के दौरान कही।

- **कुत्तों के काटने की समस्या से विधायक बिहाणी ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया**

बिहाणी ने सीएम को बताया कि शहर में श्वानों के आतंक ने बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों का घर से निकलना दूभर कर रखा है। इनकी संख्या बढ़ने से रोकने के लिए एनिमल बर्थ नियंत्रण को अभियान के रूप में चलाकर व इनको पकड़कर आमजन को श्वानों का शिकार होने से बचाया जाना अति आवश्यक है। विधायक ने सीएम से दो पंचायत समितियां बनाए जाने की भी मांग की है।

विधायक ने सीएम को बताया कि शहर में प्रतिदिन 15 से 20 व्यक्ति इन आवारा श्वान के काटने से जख्मी होते हैं। यानी औसतन 500 व्यक्ति प्रति माह इन श्वानों के काटने के शिकार होते हैं। श्वानों की वजह से दुपहिया एवं अन्य वाहनों के आगे आने से दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कई बार तो भीषण दुर्घटना के कारण जान-माल की भी हानि हो जाती है।

## सूरतगढ़ में चैत्र नवरात्र महोत्सव

**सूरतगढ़,** (कासं)। सूरतगढ़ में वार्ड- 6 में स्थित श्री बालाजी किशन पितर जी धाम पर भक्त शिरोमणि प्रेमा बाई के सानिध्य में 3 अप्रैल गुरुवार को भव्य चैत्र नवरात्रा महोत्सव मनाया जायेगा। मंदिर प्रभारी भक्त लेखराम सैन ने मंगलवार को बताया कि मंदिर में सुबह से लेकर शाम तक विशाल भजन संकीर्तन व भव्य चैत्र नवरात्रा महोत्सव बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस दौरान नामी भजन गायकों द्वारा बाबा का यश गान किया जायेगा। मंदिर प्रवक्ता आशीष स्वामी ने बताया कि इस भव्य कार्यक्रम में नवदुर्गा स्वरूप की संजीव झांकी के दर्शन सभी भक्तों को करने का अवसर प्राप्त होगा। इस भव्य कार्यक्रम में भारत के कोने कोने से जातरूओं आने की संभावना है। विशाल छाबड़ा ने बताया कि इस भव्य कार्यक्रम में सभी भक्तों के सहयोग से श्रद्धालुओं के लिए अटूट लंगर का भी आयोजन होगा।


**आम सूचना**

जो कि हस्ब हिदायत मेरे मुव्वकि महेश कुमार पुत्र स्व.श्री पुनमचंद जाति पुरोहित निवासी जैन कॉलेज के पीछे,विश्वकर्मा कॉलोनी, गंगाशहर बीकानेर हर आम व खास को सूचित करता हूॅ कि मेरे मुव्वकिल के पुत्र लक्ष्मी नारायण पुरोहित व पुत्रवधु हर्षिता अरोड़ा मेरे मुव्वकिल के कहने में नहीं है तथा ये मेरे मुव्वकिल व पत्नि के साथ निवास नहीं करते हैं। मेरे मुव्वकिल ने अपने पुत्र लक्ष्मीनारायण पुरोहित व पुत्रवधु हर्षिता अरोड़ा को अपनी समस्त चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है, अब कोई भी व्यक्ति लक्ष्मीनारायण पुरोहित व उसकी पत्नी हर्षिता अरोड़ा से किसी भी प्रकार का लेन-देन करेगा, सम्व्यवहार करेगा तो उसकी मेरे मुव्वकिल की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। लक्ष्मीनारायण पुरोहित व उसकी पत्नी हर्षिता अरोड़ा द्वारा किये गये कृत्य के लिये व स्वयं जिम्मेदार होगें। सूचित रहे।

सुनील कुमार देवड़ा, एडवोकेट


# काली पट्टी बांधकर केन्द्रीय व राज्य कर्मचारियों ने किया यूपीएस का विरोध

**बीकानेर,**(कासं)। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के राष्ट्रीय आव्हान के तहत कर्मचारियों ने 01 अप्रैल को अपने कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर यूपीएस स्कीम का विरोध किया व पुरानी पेंशन के प्रति अपना संकल्प दोहराया। कर्मचारियों ने दिनभर काली पट्टी बांधकर काम किया। केन्द्रीय व राज्य कर्मचारियों ने भी यूपीएस का विरोध किया।

पुरानी पेंशन राष्ट्रीय आंदोलन के प्रदेशाध्यक्ष के. आर. सियाग ने बताया कि वर्तमान में राजस्थान में पुरानी पेंशन लागू है लेकिन एनपीएस फंड का आज तक निस्तारण नहीं किया गया है। सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों पर एनपीएस फंड के सैटलमेंट का भारी आर्थिक बोझ डालकर पुरानी पेंशन दी जा रही है। जिससे कर्मचारी परेशान है, साथ ही यूपीएस को लेकर राजस्थान के कर्मचारी भी आशंकित है। इसलिए



यूनिफाइड पेंशन स्कीम के विरोध में कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध-प्रदर्शन किया।

- **यूनिफाइड पेंशन स्कीम का विरोध कर ब्लैक डे मनाया**

पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन राजस्थान ईकाई के आव्हान पर यूपीएस के खिलाफ विरोध प्रकट कर राजस्थान सरकार से पुरानी पेंशन लागू रखने की नीतिगत घोषणा की मांग की है। कर्मचारी चाहते हैं कि सरकार पुरानी पेंशन जारी रखने के लिए अपनी नीति स्पष्ट करें और इसकी सार्वजनिक रूप से घोषणा करें। राजस्थान प्रदेश के सभी कर्मचारियों ने दिनभर काली पट्टी बांधकर काम किया है और देश के प्रधानमंत्री से यूपीएस/एनपीएस को रद्द कर देशभर में पुरानी पेंशन बहाली की मांग की है।

यूपीएस को लेकर नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम राजस्थान के प्रदेश महासचिव ने बताया कि यूपीएस, एनपीएस से भी खतरनाक योजना है जिसमें निवेशित राशि पूर्णतया बाजार द्वारा लूट ली जायेगी, पे कमीशन का बेनीफिट नहीं दिया जायेगा। साथ ही ग्रैच्युटी भी नहीं दी जाएगी। कर्मचारी एनपीएस यूपीएस दोनों को नकारते हुए पुरानी पेंशन की मांग कर रहे हैं।

## रायसिंहनगर में 7 नई पंचायतों का गठन होगा

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। रायसिंहनगर पंचायत समिति में प्रशासन ने सात नई पंचायतों के गठन का प्रस्ताव तैयार किया है। साथ ही मौजूदा 47 पंचायतों का पुनर्गठन भी प्रस्तावित है। उपखंड अधिकारी ने जनसंख्या और गांवों की दूरी के आधार पर यह प्रस्ताव तैयार किया है।

प्रस्तावित नई पंचायतों में 6 पीटीडीबी में 3,089 की जनसंख्या के साथ 8 गांव शामिल होंगे। 2 एलपीएम में 2,720 की आबादी वाले 8 गांव जुड़ेंगे। बरूवाला पंचायत में 3,127 की जनसंख्या के साथ 8 गांव होंगे। 35 एमएल पंचायत में 2,623 लोगों की आबादी वाले 5 गांव समाहित किए जाएंगे। हरिपुरा पंचायत में 2,499 की जनसंख्या के साथ 4 गांव, 28 एमएल में 2,825 की आबादी वाले 5 गांव और 19 एनपी पंचायत में 2,721 लोगों की जनसंख्या के साथ 8 गांव शामिल होंगे। सरकार ने प्रस्ताव तैयार करने की समय सीमा 6 अप्रैल तक बढ़ा दी है।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com

Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्र. :- नियमन/2025/3831 **आपत्ति सूचना** दिनांक : 1.4.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में व्यवसायिक भूखण्ड वाके चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 20/21 के किला नं. 10 में भूखण्ड माप 48'-0'' गुणा 70'-0'' फीट के नियमन/पटटा हेतु आवेदक श्री विनीत कुमार सभरवाल पुत्र श्री चिमन लाल निवासी 95 एन, ब्लॉक, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक विनीत कुमार सभरवाल पुत्र श्री चिमन लाल निवासी 95 एन, ब्लॉक, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 20/21 के किला नं. 10 में भूखण्ड माप 48'-0'' गुणा 70'-0'' फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक :- नियमन/ 2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 27/03/2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 20 के किला नं. 15, 16 में माप 49 इन्टू 80 फीट भूखण्ड संख्या बी-11 पार्ट, श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 2061 दिनांक 29.09.2013 को श्री महेश गुप्ता पुत्र श्री रतन चन्द्र के नाम से नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा जारी किया हुआ है। श्रीमती उर्मिला गोयल पत्नी श्री प्रभुदयाल निवासी 57 विद्युत नगर, चक 5 ई छोटी, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड में से उपविभाजित माप 24.6 इन्टू 80 फीट को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 29.05.2024 की प्रति प्रस्तुत कर न्यास द्वारा पूर्व में जारी पट्टे एवं बैयनामें का समर्पण कर भूखण्ड की लीज हस्तान्तरित करवाते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।